हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 6 जुलाई 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा



04 पराली नहीं, समृद्धि का साधन है, इसे जलाने के...





07 स्टेशन तिराहे से देवगढ़ रोड, वर्णी चौराहे तक सफाई...




## खबर संक्षेप में

### मंगलसूत्र झपटने वाली महिलाओं को पुलिस ने पकड़ा

**नलखेड़ा।** नगर में शनिवार हाट बाजार करने आई एक महिला के गले से मंगलसूत्र झपटने वाली महिलाओं को पुलिस ने पकड़ा है जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम सुईगांव की महिला सरपंच ललिताबाई शनिवार हाट बाजार में सब्जी खरीदने के लिए सब्जी मंडी में आई थी। जहां पर सब्जी खरीदने के दौरान एक महिला द्वारा उनके नगदी रुपए खींच लिए। साथ ही महिला के गले में पहना हुआ मंगलसूत्र झपटने का प्रयास किया गया। लेकिन ललिता बाई द्वारा उक्त महिला का हाथ मजबूती से पकड़ लिया एवं अन्य लोगों की मदद से महिला को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया। आरोपी महिला के साथ दो अन्य महिलाएं भी थी। पुलिस द्वारा तीनों महिलाओं को थाने लाया गया है जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि तीन महिलाओं में से दो महिलाएं राजेंद्र नगर इंदौर की होना बता रही है वहीं एक महिला अपने को महाराष्ट्र की रहने वाली बता रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाट बाजार के दिन ही दो व्यक्तियों के मोबाइल भी चोरी हुए।

### पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन की अंतिम तिथि 31 तक

**सीहोर।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 की छात्रवृत्ति हेतु MPTAAS पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। जिन विद्यार्थियों ने अभी तक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं किया है वे अंतिम तिथि से पहले आवेदन कर दें। इसके साथ ही जिले की सभी शैक्षणिक संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी संस्था में अध्ययनरत सभी पात्र विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति का आवेदन कराएं।

### आंगनबाड़ी कार्यकार्ता एवं सहायिका के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के पूर्णतः अस्थाई एवं मानदेय आधारित मानसेवी रिक्त पदों के लिए निर्धारित योग्यताधारी पात्र महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र महिलाएं MP Online द्वारा तैयार चयन पोर्टल (https:// chayan. mponline.gov.in) के माध्यम से 01 जुलाई से 13 जुलाई के बीच आवेदन कर सकती हैं। आवेदन में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। विस्तृत जानकारी चयन पोर्टल (https:// chayan. mponline.gov.in) एवं संबंधित परियोजना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### मंत्री की पुण्यतिथि पर श्रद्धा से करेंगे याद

**सीहोर।** रविवार को हैदराबाद व भोपाल राज्य विलीनीकरण आंदोलन के अग्रणी स्वतंत्रता संग्राम सैनानी,पूर्व विधायक, शिक्षाविद,जिले की पत्रकारिता के पितृ पुरूष स्व. हरिकृष्णसिंह 'मंत्री'की 43 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें जिले भर में श्रद्धा से याद किया जायेगा। 5 जुलाई प्रातः11.30 बजे स्थानीय पावर हाउस चौराहा शुगरमिल रोड स्थित पूर्णिमा औषधालय पर 'मंत्रीजी' के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी तथा स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान तथा समाज व राष्ट्र उत्थान के कार्यों को याद किया जायेगा। इसके पश्चात दोपहर 12.30 बजे बस स्टेण्ड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस जन पूर्वजिला कांग्रेस अध्यक्ष 'मंत्रीजी' के प्रति श्रद्धांजलि में मंत्रीजी को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। गौरतलब है कि मंत्रीजी ने अपने विवाह बेला में ही हैदराबाद निजाम के विरूद्ध जेल भरो आंदोलन तथा भोपाल राज्य विलीनीकरण आंदोलन में भागीदारी की थी।

### प्रशासन ने अलर्ट जारी कर नागरिकों से सुरक्षित मार्ग अपनाने की अपील की

# आष्टा में घर डूबे, खेत जलमग्न नदी नाले उफान पर, गांवों का संपर्क टूटा

आष्टा ब्लॉक में मूसलाधार बारिश से पार्वती, पपनास और नेवज नदियां उफान पर हैं। कई गांवों में घरों और खेतों में पानी भर गया। सड़क संपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





सीहोर जिले के आष्टा ब्लॉक में शुक्रवार रात से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार बारिश के चलते क्षेत्र की पार्वती, पपनास और नेवज नदियां उफान पर पहुंच गई हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि कई गांवों में घरों के अंदर पानी घुस गया, खेत जलमग्न हो गए और कई मार्गों पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। ग्रामीण क्षेत्रों में हालात चिंताजनक बने हुए हैं।

#### गांवों में घुसा पानी

खाचरोद, मेहतवाड़ा, मैना, कोठरी, भंवरा, बागैर, सिंगारचोरी, हराजखेड़ी, ढकनी और मुगली सहित कई गांवों में भारी बारिश के बाद हालात बिगड़ गए। कई घरों में पानी घुसने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। घरों के अंदर रखा सामान पानी में डूब गया, जिससे आर्थिक नुकसान भी हुआ। गांवों की गलियां जलमग्न हो गईं और निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों की चिंता बढ़ गई। लगातार हो रही बारिश ने ग्रामीणों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं।

**मुगली में जल निकासी व्यवस्था की खुली पोल :** आष्टा ब्लॉक मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मुगली में पहली भारी बारिश ने प्रशासनिक दावों की पोल खोल दी। केवल दो घंटे की तेज बारिश में गांव के कई घरों में घुटनों तक पानी भर गया। ग्रामीण अके सिंह ने बताया कि घरों में रखी खाट, अनाज की कोठियां, कपड़े और रसोई का सामान पानी में डूब गया। तेज बहाव और खराब ड्रेनेज सिस्टम के कारण बारिश का पानी तेजी से घरों में घुस गया। ग्रामीणों को अपना सामान बचाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

#### खेत बने तालाब, सोयाबीन फसल को नुकसान

लगातार बारिश का असर कृषि क्षेत्र पर भी साफ दिखाई दे रहा है। ग्राम पंचायत बड़घाटी रामापुरा सहित कई क्षेत्रों के खेतों में पानी भर गया है। खेत तालाब जैसे नजर आ रहे हैं। किसानों की सोयाबीन फसलें पानी में डूब गई हैं, जिससे भारी नुकसान की आशंका है। किसान अब बारिश थमने और पानी निकलने का इंतजार कर रहे हैं। यदि पानी लंबे समय तक खेतों में भरा रहा तो नुकसान और बढ़ सकता है। लगातार बारिश के कारण ढाकनी-मुगली मार्ग पर पापनास नदी स्थित पुल पर पानी का तेज बहाव बना हुआ है। सेमनरी रोड जगन्नाथपुरा पुलिया, कन्नौद-मिर्जी और दुपाड़िया मार्ग भी प्रभावित हुए हैं।इन मार्गों के प्रभावित होने से करीब एक दर्जन गांवों का संपर्क टूट गया है। कई स्थानों पर पुल-पुलियों के ऊपर से पानी बहने के कारण आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई है।

#### आष्टा में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज

वर्षा के आंकड़ों के अनुसार आष्टा क्षेत्र में सर्वाधिक 2.05 इंच बारिश दर्ज की गई है। जावर में 1.89 इंच और इछावर में 1.77 इंच वर्षा रिकॉर्ड हुई। जिले में औसतन 1.50 इंच बारिश दर्ज की गई है। 1 जून से अब तक जिले में कुल औसत वर्षा 10.63 इंच तक पहुंच चुकी है। आष्टा 15.47 इंच बारिश के साथ जिले का सबसे अधिक वर्षा वाला क्षेत्र बना हुआ है। अन्य क्षेत्रों की बात करें तो भैरूंदा में 14.01 इंच, इछावर में 12.40 इंच, जावर में 11.68 इंच, सीहोर में 9.01 इंच, रेहटी में 8.55 इंच, बुधनी में 8.38 इंच और श्यामपुर में 5.54 इंच बारिश दर्ज हुई है।

## बारिश का पहला कहरः खदान में डूबे 2 मासूम दोस्त, घरों में पसरा मातम

**सीहोर।** मानसून की पहली बारिश जहां किसानों के चेहरे पर खुशी लाई, वहीं आष्टा क्षेत्र के 2 परिवारों के लिए यह बारिश ताउम्र का मातम बन गई। ग्राम बागेर में स्थित एक बंद पड़ी मुरम की खदान में भरे पानी में नहाने गए दो 12 साल के मासूम दोस्तों की डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे इलाके में सन्नाटा पसर गया। जानकारी के अनुसार ग्राम बापचा दोनिया के रहने वाले दो बच्चे समर पिता संतोष और समर पिता जितेंद्र दोनों की उम्र लगभग 10 वर्ष दोपहर में घर से हंसते-खेलते निकले थे। पास के ग्राम बागेर में मुरम की एक पुरानी खदान में हाल की बारिश से पानी लबालब भरा था। गर्मी से राहत और तैरने के शौक में दोनों बच्चे खदान के गड्ढे में उतर गए। मासूमों को अंदाजा नहीं था कि यह खेल उनकी जिंदगी का आखिरी खेल बन जाएगा। तैरते-तैरते दोनों बच्चे खदान के उस हिस्से में पहुंच गए जहां खुदाई के कारण गहरा गड्ढा था। नीचे कीचड़ और दलदल होने से उन्हें थाह नहीं मिली। बचने के लिए दोनों ने खूब हाथ-पैर मारे, लेकिन गहराई इतनी थी कि वे संभल नहीं पाए और एक-दूसरे के सामने ही पानी में समा गए। हादसे की सूचना पर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे। चीख-पुकार के बीच ग्रामीणों ने खदान के पानी में छलांग लगाकर काफी मशक्कत के बाद दोनों बच्चों को बाहर निकाला।

### जोरदार बारिश ने बदली फिजा

## नलखेड़ा में तेज हवा और बादलों की गड़गड़ाहट के साथ झमाझम





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में रविवार शाम 5:00 बजे पश्चात अचानक तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश प्रारंभ हो गई जिससे सड़कों पर पानी बह निकला।

बारिश से नागरिकों को उमस व गर्मी से राहत मिली है। रविवार को नगर में आसमान में बादल छाए हुवे थे जिससे सूरज की लुकाछिपी चल रही थी। शाम 5 बजे तेज हवा के साथ जोरदार वर्षा प्रारम्भ हुई। हवा के साथ वर्षा भी इतनी तेज थी कि नागरिकों को कुछ समझ मे नही आ रहा था। देखते ही देखते सड़को पर पानी बह निकला।

इस तेज हवा व झमाझम वर्षा ने जनजीवन भी अस्त व्यस्त कर दिया। जो जहाँ था वही रुकने को मजबूर हो गया। एक घंटे से अधिक समय तक वर्षा हुई उसके बाद बूंदा बांदी का दौर चलता रहा। वर्षा के दौरान बादलों व आकाशीय बिजली की गड़गड़ाहट भी होती रही। रविवार को हुई इस वर्षा के बाद नागरिकों को उमस व गर्मी से कुछ राहत मिली और तापमान कम हो गया। तेज हवा के चलते नगर में विद्युत प्रदाय भी बाधित रहा।

### चौक पर दादा ताश खेलते रहे, इधर नाले में डूबा पोता

**भैरूंदा।** लगातार हो रही बारिश के चलते जहां एक ओर नदी-नाले उफान पर हैं, वहीं दूसरी ओर लापरवाही और अनदेखी छोटे बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। शुक्रवार को थाना भैरूंदा क्षेत्र के ग्राम रिठबाड़ में एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां पांच साल के मासूम बच्चे की नाले में डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, ग्राम रिठबाड़ निवासी पांच वर्षीय डुग्गू (पिता राकेश) शुक्रवार शाम करीब 4 बजे अपने दादा और बहन के साथ गांव के चौक पर गया था। चौक पर पहुंचने के बाद दादा अन्य लोगों के साथ ताश खेलने में व्यस्त हो गए, जबकि डुग्गू और उसकी बहन पास में ही खेलते रहे। खेलते-खेलते दोनों बच्चे चौक के पास बह रहे नाले की ओर पहुंच गए।

### सड़क पर से निकलती हैं तो पूरा घेर लेती हैं रास्ता

## भूसे से भरी ट्रॉलियां बन सकती हैं दुर्घटना का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



इन दिनों नगर के आसपास के ग्रामों से भूसे की ट्रालियां भर कर बड़ी संख्या में निकल रही है। इन ट्रालियों को मोडिफाई कर इतनी चौड़ी कर इतना भूसा भरा जा रहा है कि रोड़ की सम्पूर्ण चौड़ाई को कवर कर निकल रही है। ऐसे में अन्य वाहनों की क्रासिंग अथवा ओवरटेकिंग के दौरान कभी भी कोई दुर्घटना घटित हो सकती है।

इन दिनों नगर के अंदरूनी मार्गो से होकर बड़ी संख्या में भूसे की भरी ट्रालियां निकल रही है जोकि आमला-नलखेड़ा मार्ग से अपने गंतव्य की ओर जा रही है। इन ट्रालियों को अधिक से अधिक भूसा भरने के चलते मोडीफाई कर चौड़ा किया हुआ है उसके बाद आजू बाजू में दोनों ओर तिरपाल अथवा पल्ली से इतना अधिक चौड़ा किया जा रहा है कि जब यह सड़क पर से निकलती है तो पूरी सड़क घेर लेती है ऐसे में अन्य वाहनों को क्रासिंग अथवा ओवरटेक करने के लिए जगह शेष नही रहती है। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसके पीछे या आगे चलने वाले वाहनों को सामने की ओर कुछ भी दिखाई नही देता है। ऐसी परिस्थिति में कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। उक्त भूसे की ट्रालियां अक्सर रात्रि के समय अधिक निकल रही है तब दुर्घटना की संभावना अधिक रहती है। प्रशासन को इस ओर ध्यान देकर अवैध रूप से मोडीफाई ट्रालियों एवं क्षमता से अधिक भूसा भरने पर वैद्यानिक कार्यवाही की जाना चाहिए जिससे कि इनका आवागमन बंद हो एवं किसी भी दुर्घटना की संभावना को खत्म किया जा सके।

### 2 किलो 100 ग्राम गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार किए, 72 हजार का गांजा और मोटर साइकिल जब्त

**भैरुंदा।** जिले में पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ विरोधी विशेष अभियान के तहत गोपालपुर थाना पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 2 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। जब्त किए गए सामान की कुल कीमत करीब 72 हजार रुपये बताई गई है। यह कार्रवाई भैरूंदा अनुभाग के एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर गोपालपुर थाना पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोपालपुर निवासी शब्दर और देवास जिले के अतवास निवासी सद्दाम के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से 2 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। इसकी बाजार कीमत करीब 22 हजार रुपये बताई गई है। तस्करी में इस्तेमाल की जा रही हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी पुलिस ने जब्त कर ली। बाइक की कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है।

### वरिष्ठ नागरिक पेंशनर संघ के जिला अध्यक्ष पद पर जयनारायण चौधरी की नियुक्ति



**नलखेड़ा।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर संघ के आगर जिले के अध्यक्ष पद पर नलखेड़ा तहसील के ग्राम गुदरावन निवासी राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त पूर्व शिक्षक जय नारायण चौधरी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार दुबे ने आगर जिला अध्यक्ष पद के लिए पूर्व शिक्षक जय नारायण चौधरी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें जिला, तहसील, ब्लॉक कार्यकारिणी के गठन करने का दायित्व भी सौंपा गया है। श्री चौधरी की इस नियुक्ति पर महेश दुबे, कैलाशचंद विट्ठल, हरिनंदन नागर, जगदीश चंद्र जुलानिया, राधेश्याम पाटीदार, प्रदीप सिसोदिया, रमेश शर्मा, शिवनारायण भिलाला, सुभाष गुप्ता, गजराज सिंह सिसोदिया, राधेश्याम कुलमी, जमुना प्रसाद शर्मा आदि ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

### दरबार में विशेष पूजन, हवन-अनुष्ठान कर श्रद्धालुओं ने मांगी अपनी मुरादें

# मां बगलामुखी मंदिर पर रविवार को मेला में हजारों भक्तों ने किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा







नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीताम्बरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर रविवार को भक्तों का मेला लगा रहा। हजारों भक्तों ने माता रानी के दर्शन किये। कई भक्तों द्वारा मनोकामना पूर्ति हेतु हवन अनुष्ठान करवाये गये नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में प्रदेश सहित देश के कई स्थानों से माता भक्त अपनी मनोकामना को लेकर पहुंच ही रहे है।

रविवार को अवकाश का दिन होने से मंदिर पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ता दिखाई देता है। इस रविवार को भी मां बगलामुखी मंदिर पर आस्था का सैलाब दिखाई पड़ा। हजारों की संख्या में भक्त मां के दरबार में पहुंचे। मंदिर परिसर के अंदर व सिंह द्वार से बाहर तक प्रातःकालीन आरती के बाद से ही भक्तों की कतारे लगना प्रारंभ हो गई थी, जो देर शाम तक जारी थी। भक्तों को मातारानी के दर्शन के लिए लाईन में खडे रहकर प्रतिक्षा करना पडी। कई भक्तो द्वारा मां के दरबार में विशेष पूजन,हवन-अनुष्ठान कर मां के दरबार में मन्नते मांगी गई। यज्ञशाला से उठती मंत्रोच्चार की गूंज से सम्पूर्ण मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। रविवार को सुबह 10 बजे से सायंकाल तक दर्शनार्थियों की कतारें परिसर के बाहर स्थित श्री सूर्यमुखी बालवीर हनुमान मंदिर तक लगी रही। कतारों में लगे भक्त लगातार माता रानी के जयकारे लगा रहे थे।

#### वाहन पार्किंग की व्यवस्था नही होने से बेतरतीब खड़े रहे वाहन

हरिभूमि द्वारा लगातार माँ बगलामुखी मंदिर पर वाहन पार्किंग की समस्या को उठाया जा रहा है। प्रत्येक रविवार के साथ ही अन्य दिनों में वाहन पार्किंग की समस्या सामने आती रहती है। वर्षाकाल में यह समस्या कई गुणा बढ़ गई है। इस रविवार को भी सुबह से वाहन सड़को पर ही खड़े कर दिए गए थे। उसके बाद वाहन चालकों को जहाँ जगह मिली वहाँ वाहन खड़े करना प्रारम्भ कर दिया। बेतरतीब खड़े इन चौपहिया वाहनों के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनती रही। सबसे अधिक परेशानी माँ बगलामुखी चौराहे पर रही जहाँ एक वाहन को निकलने में 5 से 15 मिनिट का समय लग रहा था। जिसके चलते तीर्थ यात्री सेवा सदन में अपने वाहन खड़े कर पैदल आने जाने वाले दर्शनार्थियों को भी निकलने की जगह नही मिल पा रही थी। जिसके चलते वे परेशान होते रहे। रविवार को मंदिर के समीप वाली पार्किंग, नाले के समीप वाली पार्किंग के साथ ही तीर्थ यात्री सेवा सदन वाली पार्किंग में भी इतने वाहन खड़े थे कि एक समय वहाँ पैर रखने की जगह भी नही रही थी। वाहन चालकों द्वारा अपने वाहन गवलीपुरा, शिवाजी चौराहे से माँ बगलामुखी मंदिर चौराहे के मध्य सड़क किनारों पर ही वाहन खड़े कर दिए थे। रविवार को यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए कही भी पुलिस बल दिखाई नही दे रहा था। वाहन चालक स्वयं परेशान होते हुवे जैसे तैसे अपने वाहन निकाल रहे थे।

#### ट्रैफिक पुलिस की अतिआवश्यकता

नगर में शनिवार व रविवार सहित अन्य दिनों में बढते यातायात को देखते हुवे अब यातायात सुचारू रखने के लिए प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की आवश्यकता हो गई है। जिला प्रशासन को नगर में बढ़ते यातायात के दबाव को देखते हुवे तत्काल ट्रैफिक पुलिस की पदस्थापना की जाना अतिआवश्यक हो गया है।

## खबर संक्षेप



### एमजी क्लब ने सीहोर मिनी बाइज को 2-1 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर खिलाड़ियों को मंच देने के लिए हर साल की तरह इस साल भी स्व. कैलाश सारंग की स्मृति में जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार की शाम को जूनियर वर्ग और सीनियर वर्ग के दो मुकाबले खेले गए। इसमें जूनियर वर्ग के शानदार मैच में एमजी क्लब ने सीहोर मिनी बाइज को 2-1 से हराया। शुक्रवार की शाम को खेले गए रोमांचक मुकाबले में जूनियर वर्ग के मुकाबले में एमजी क्लब ने सीहोर मिनी बाइज को 2-1 से हराया। इस मुकाबले में एमजी क्लब की ओर से पियुष-राज ने 1-1 गोल किया। वहीं सीहोर मिनी बाइज की ओर से एक मात्र गोल कुशल ने किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया सीनियर वर्ग में आरएसआई की 3-2 से टीम विजय रही। जिसमें आरएसआई की ओर से गर्वित, धुरव और मोनित ने 1-1 गोल किया। इसके अलावा सीहोर चिल्ड्रन की ओर से अर्थव-वंश ने 1-1 गोल किया।

### शिविर लगाकर किया गया 952 बच्चों का टीकाकरण



**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 03 जुलाई को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 594 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 358 बच्चों का टीकाकरण किया गया।

### खनिज विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई, रेत माफियाओं के हौसले बुलंद, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से जारी है अवैध रेत परिवहन

# खनिज विभाग की अनदेखीः प्रतिबंध के बाद भी नर्मदा में पनडुब्बियों से हो रहा अवैध रेत खनन

कांग्रेस नेता अरुण यादव ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर जिले की बुधनी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम बावरी और जाजना की कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा किए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) और जिला प्रशासन के नियमों को ताक पर रखकर नर्मदा नदी का सीना छलनी किया जा रहा है। मानसून सत्र के दौरान जहां एक तरफ कलेक्टर बालागुरू के. ने नदी के संरक्षण के लिए रेत उत्खनन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा रखा है, वहीं दूसरी तरफ रेत माफिया बेखौफ होकर अवैध खनन को अंजाम दे रहा है। इसे लेकर अब राजनीति भी गरमा गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने सोशल मीडिया पर इस अवैध खेल का पर्दाफाश करते हुए सरकार और प्रशासन पर सीधे निशाने साधे हैं।

कांग्रेस नेता अरुण यादव ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर जिले की बुधनी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम बावरी और जाजना की कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा किए हैं। इन तस्वीरों में सफ देखा जा सकता है कि प्रतिबंध के बावजूद नर्मदा नदी के बीचों-बीच पनडुब्बियों के माध्यम से अवैध उत्खनन धड़ल्ले से जारी है। यादव ने ट्वीट करते हुए सरकार और प्रशासन की चुप्पी पर सवाल उठाए। उन्होंने लिखा सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा के ग्राम बावरी-जाजना में



मानसून के दौरान जब नियमों के अनुसार नर्मदा नदी में खनन पूर्णतः प्रतिबंधित रहता है, तब भी पनडुब्बियों के माध्यम से कथित अवैध उत्खनन जारी है। क्या खनन माफिया को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है, यदि नहीं तो प्रशासन अब तक मौन क्यों है। नर्मदा की लूट बंद कीजिए, अवैध खनन पर तत्काल कार्रवाई कीजिये।

#### कागजों में सिमटा कलेक्टर का आदेश

हैरानी की बात यह है कि कुछ ही समय पहले कलेक्टर बालागुरु के. द्वारा जिले की सभी स्वीकृत रेत खदानों पर मानसून अवधि को देखते हुए प्रतिबंध का आदेश जारी किया गया था। इस आदेश के तहत 26 जून की मध्य रात्रि से एक अक्टूबर तक रेत के उत्खनन पर पूरी तरह रोक लगाई गई है।

कलेक्टर के आदेश में स्पष्ट उल्लेख था कि राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण भारत सरकार के सतत रेत खनन प्रबंधन दिशा-निर्देश 2016 और वर्ष 2020 के प्रावधानों के तहत पर्यावरण और जलीय जीवों की रक्षा के लिए यह रोक अनिवार्य है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा भी 15 जून से 1 अक्टूबर तक मानसून काल निर्धारित किया गया है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि माफिया के हौसलों के आगे प्रशासनिक आदेश महज कागजी साबित हो रहे हैं।

#### प्रशासन मौन क्यों

नियमों के मुताबिक बारिश के दिनों में नदी के जलीय जीवों को बचाने के लिए उत्खनन पूरी तरह बंद होना चाहिए। केवल पहले से स्टॉक की गई रेत के परिवहन की ही सीमित अनुमति होती है। लेकिन बुदनी के घाटों पर दिन-रात चल रही पनडुब्बियां नियमों की धज्जियां उड़ा रही हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री के इस खुलासे के बाद अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन और खनिज विभाग इन माफियाओं पर क्या कार्रवाई करता है।

#### इन प्रमुख घाटों पर माफिया की नजर

बता दें जिले में नर्मदा नदी का एक बड़ा तटीय हिस्सा आता है, जहां प्रशासन की सख्ती न होने के कारण माफिया सक्रिय हैं। भैरूंदा क्षेत्र का छिपानेर घाट जिले का सबसे बड़ा उत्खनन केंद्र है।

इसके अलावा चौरसखेड़ी, छिंदगांव कांछी, बडग़ांव, बावरी, नीलकंठ और अम्बा जादीद ऐसे घाट हैं, जहां अक्सर गहरे पानी से रेत निकालने के लिए प्रतिबंधित पनडुब्बियों और भारी जेसीबी मशीनों का उपयोग किया जाता है। इसी बुदनी के जानवासा जहां 14 हेक्टेयर की खदान है। जाजना, जहाजपुर सहित रेहटी के निनोर 20 हेक्टेयर की खदान, चारुआ, नहलाई और मढग़ांव में मानसून के दौरान भी अवैध रूप से रेत का स्टॉक करने और परिवहन करने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं।

## पराली नहीं, समृद्धि का साधन है, इसे जलाने के बजाय आय का माध्यम बनाएं : डॉ. राजकुमार मालवीय



**इछावर।** तहसील की ग्राम पंचायत लाऊखेड़ी में अभ्युदय रिसर्च एंड सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् , विज्ञान भवन, भोपाल के प्रायोजन में तीन दिवसीय कार्यशाला ₹पराली से समृद्धि : स्वच्छ पर्यावरण और खुशहाल जीवन का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला में किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं स्वयं सहायता समूहों को पराली के वैज्ञानिक प्रबंधन, आधुनिक कृषि तकनीकों और पराली से मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार कर अतिरिक्त आय अर्जित करने के तरीकों की जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि डॉ. राजकुमार मालवीय ने कहा कि पराली जलाना पर्यावरण के साथ-साथ किसानों की आर्थिक स्थिति के लिए भी नुकसानदायक है। उन्होंने कहा कि पराली का वैज्ञानिक प्रबंधन कर उसे रोजगार और स्वरोजगार का माध्यम बनाया जा सकता है, जिससे किसानों की आय बढ़ाने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में तकनीकी विशेषज्ञ एवं मैनिट स्कॉलर डॉ. जीतेश जैन ने हैप्पी सीडर, बेलर, श्रेडर जैसी आधुनिक मशीनों के उपयोग, मिट्टी की उर्वरता संरक्षण तथा पराली से कम्पोस्ट, बायोचार, ब्रिकेट, पैकेजिंग सामग्री एवं डिस्पोजेबल उत्पाद बनाने की तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पराली कृषि आधारित उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण कच्चा माल बन सकती है। अभ्युदय रिसर्च एंड सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन की अध्यक्षा शिखा खेड़ले ने पराली से निर्मित विभिन्न उत्पादों और संबंधित मशीनों का प्रदर्शन किया। तकनीकी सहायक देवेंद्र कनोजिया एवं सचेत ने प्रतिभागियों को मशीनों के संचालन, उत्पाद निर्माण प्रक्रिया और स्वरोजगार की संभावनाओं से अवगत कराया।

शिखा खेड़ले ने कहा कि यदि गांव स्तर पर पराली प्रसंस्करण एवं उत्पाद निर्माण इकाइयाँ स्थापित की जाएँ तो ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत लाऊखेड़ी के सरपंच धर्मेंद्र मालवीय, समाजसेवी शिवनारायण तोमर, पूर्व जनपद सदस्य सोभाल सिंह तथा राकेश जलवाया सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। प्रतिभागी देवकरण प्रजापति ने कहा कि अब वे पराली नहीं जलाएंगे और अन्य किसानों को भी इसके वैज्ञानिक उपयोग के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यशाला के आगामी सत्रों में प्रतिभागियों को पराली आधारित उत्पाद निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

### लक्ष्मण ने शूर्पणखा की नाक काटी तो रावण ने किया सीता का हरण



**सीहोर।** प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में श्री रामायण रामलीला मंडल के तत्वाधान में प्रयाग राज के कलाकारों के द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। मंदिर परिसर में जारी रामलीला मंचन में भगवान श्रीराम के वनवास के उपरांत वन में विचरण करते हुए शूर्पणखा ने भगवान को देखकर मोहित हो गई। उसके उपरांत रावण ने माता सीता का हरण किया, इसका मंचन किया गया। सीता हरण दृश्य का मंचन हुआ। पंचवटी में जब शूर्पणखा राम, लक्ष्मण व सीता को परेशान करती है। किसी भी प्रकार से नहीं मानती तो गुस्से में आकर लक्ष्मण शूर्पणखा की नाक और कान काट देता है। शूर्पणखा पहले अपने भाइयों खर व दूषण के पास जाती है। वे राम और लक्ष्मण के साथ लड़ने के लिए आते हैं। इसके बाद शूर्पणखा अपने भाई रावण के पास जाती है और सारी बात बताती है। जब रावण को सीता के बारे में पता चलता है तो वह उसे धोखे से हरण करने की योजना बनाता है। इसमें उसका मामा मारीच साथ देता है जो हिरण का रूप धारण करके सीता की कुटिया के पास जाता है। सीता खूबसूरत हिरण को देख कर अपने पति श्रीराम को हिरण पकड़ कर लाने की जिद्द करती है। सीता हरण का दृश्य दिखाया गया। शूर्पणखा राम पर मोहित होकर उनसे विवाह करने को कहती है। समझाने के बावजूद न मानने पर शूर्पणखा की नाक काट दिए जाते हैं। शूर्पणखा अपने अपमान की बात भाई रावण से बताती है। रावण क्रोध में आकर सीता का हरण कर लेता है। मंचन के दौरान कलाकारों के साथ संत माधवदास महाराज, महंत बृजेश शर्मा, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट और आयुष गुप्ता आदि ने आरती की।

## 100 दिन सीवन अभियान के पूर्ण होने के अवसर पर महिला घाट पर चढ़ी चुनरी, हुआ हनुमान चालीसा का पाठ, जले दीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नेमीशरण, उतरप्रदेश से आए गोमती पुत्र राजकुमार गुप्ता ने कहा राष्ट्रीय स्तर पर नदियों की दिशा तय करेगा ये सीवन अभियान पुनस सिवान पुत्र टीम ने दोहराया संकल्प कि जब तक यह दूषित पानी शिव पर चढ़ने लायक नहीं हो जाता,नदी का उद्धार नहीं हो जाता अभियान निरंतर जारी रहेगा ।

दिन गुरुवार को जीवन अभियान के शोध दिवस पूरे हुए इस उपलब्धि के अवसर पर महिला घाट छावनी पर एक धार्मिक कार्यक्रम के अंतर्गत सबसे पहले घाट पर दीप जलाए मां सीवन की पूजा अर्चना करने के बाद चुनरी चढ़ाई गई,बाद में घाट पर ही हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। इसी अवसर पर सीवन पुत्र टीम ने फिर से अपना संकल्प दोहराया कि सीवन का दूषित जल जब तक पूर्ण रूप से शिव भगवान पर चढ़ाने लायक नहीं हो जाता ,सीवन का पूर्ण उद्धार एवं मूल स्वरूप में नहीं आ जाती तबतक सीवन पुत्र टीम संघर्ष करती रहेगी अपना अभियान चलाती रहेगी। सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने यह भी बताया है कि सीवन अभियान राष्ट्रीय अभियान बन चुका है पूरे देश की प्रमुख नदियों के नाम से पुत्र एवं पुत्री बन रहे है जो नदियों को जीवन देने के काम करेंगे। इसी अवसर पर नेमीशरण उतरप्रदेश से विशेष रूप से राजकुमार गुप्ता आए जो कि गोमती पुत्र है उन्होंने सीवन अभियान की क्रांति लाने वाला अभियान बताया। इस पर समाजसेवी प्रदीप साबू, सुरेश भगत, अशोक नामदेव, राधेश्याम मकवाना, संतोष मेवाड़ा, लक्ष्मण चौकसे, कैलाश चव्हाण, मुकेश राय, प्रकाश यादव, कनीराम मालवीय, वैभव राठौर, उदित जादवानी, राजकुमार सोनी आदि उपस्थित हुए।

## 16 को निकलेगी भगवान जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथ यात्रा, मंदिर परिसर का हो रहा समतलीकरण



**सीहोर।** इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन 16 जुलाई गुरुवार को किया जाएगा। यह ऐतिहासिक एवं धार्मिक रथ यात्रा शहर के प्राचीन जगदीश मंदिर, छावनी से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई संजय टाकीज के पास स्थित स्वर्णकार समाज मंदिर पहुंचेगी। लगातार 66 सालों से परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वाधान में निकाली जाने वाली भव्य यात्रा को लेकर समाजजन ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में आमंत्रण पत्र का वितरण कर अंतिम चरण में है। मंदिर समिति के द्वारा घर-घर जाकर श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया जा रहा है। वहीं मंदिर परिसर में तैयारियां को लेकर शनिवार को जेसीबी से समतलीकरण किया गया। चल समारोह अध्यक्ष भवंर लाल परमार (कुलांस कलां) के साथ कंधे से कंधा मिलकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। आगामी दिनों में होने वाली पुरी की तर्ज पर रथ यात्रा से पूर्व मंदिर में 14-15 जुलाई को विशेष अभिषेक के साथ अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के प्रांतीय अध्यक्ष सुरज सिंह जी एवं चंदर सिंह मंडलोई आदि सहित युवा और बुजुर्गों का आशीर्वाद मिल रहा है। समाज के वरिष्ठ तुलसीराम पटेल, पूर्व चल समारोह अध्यक्ष सुरेश गब्बर परमार, विष्णु परमार, जेपी परमार, शिव परमार ने बताया कि परमार समाज और क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं के द्वारा निरंतर पूरी की तर्ज पर यात्रा निकाली जाती है। आयोजन समिति ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। रथ यात्रा के दौरान पूरा शहर जय जगन्नाथ के जयघोष से गुंजायमान रहेगा और भक्तिभाव का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। इस मौके पर समाज के वरिष्ठ तुलसीराम पटेल, कमल पटेल, मुकेश परमार, विष्णु परमार, शिव परमार, भगीरथ परमार, अनारसिंह परमार, देवनारायण परमार, दशरथ सिंह परमार, भगवान सिंह परमार, मनोहर परमार, लखन परमार, महेंद्र परमार, विक्रम परमार आदि ने घर-घर पहुंचकर रथ यात्रा का निमंत्रण दिया। शहर में लंबे समय से जगदीश मंदिर टाट बाबा परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में निकाली जाने वाली रथ यात्रा आस्था और उत्साह के साथ निकाली जाएगी। इस मौके पर शहर के छावनी स्थित मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना की जाएगी और 16 जुलाई को शहर में भव्य यात्रा निकाली जाएगी।

### शिव भक्तों ने किया एक लोटा जल से विशेष अभिषेक

# भगवान शिव को बाहरी आडंबर नहीं, बल्कि निष्कपट भक्ति और निर्मल हृदय अत्यंत प्रियः पंडित प्रदीप मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर इन दिनों आगामी सावन मास की कांवड यात्रा को लेकर तैयारियां जारी है। वहीं प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव का विशेष अभिषेक कर रहे है। शनिवार को 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में स्थित मुरली मनोहर मंदिर में भगवान शिव-पार्वती, भगवान राम-माता सीता और भगवान श्रीकृष्ण और राधा के विशेष श्रृंगार के दर्शन किए। सुबह अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने यहां पर आए श्रद्धालुओं को दर्शन दिए। यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा और पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य के द्वारा भोजन प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। शनिवार को अपने प्रवचन के दौरान पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि भगवान शिव विश्वास का प्रतीक हैं। जो भक्त सच्चे मन, अटूट श्रद्धा और पूर्ण विश्वास के साथ भगवान भोलेनाथ का स्मरण करता है, उसके जीवन में आने वाले बड़े से बड़े संकट भी महादेव की कृपा से दूर हो जाते हैं। भगवान शिव को बाहरी आडंबर नहीं, बल्कि निष्कपट भक्ति और निर्मल हृदय प्रिय है। उन्होंने कहा कि जब भक्त का विश्वास अडिग होता है, तब भगवान शिव स्वयं उसके जीवन का मार्गदर्शन करते हैं और हर कठिन परिस्थिति में उसका साथ निभाते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि जीवन में सुख-दुख, लाभ-हानि और कठिनाइयां आती रहती हैं, लेकिन जो व्यक्ति महादेव पर विश्वास बनाए रखता है, वह कभी निराश नहीं होता। विश्वास ही भक्ति की सबसे बड़ी शक्ति है और भगवान शिव उस विश्वास का सबसे बड़ा आधार हैं।

## स्व. नाथूराम जेलर साहब की पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में किया गया 50 यूनिट रक्तदान



**सीहोर।** कांग्रेस मंडल अध्यक्ष गंज, प्रवेश परिहार के नेतृत्व में स्व. नाथूराम जेलर साहब (दादाजी) की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित किया। जिसमें विशेष रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम यादव ,पार्षद विवेक राठौर उपस्थित रहे।

स्वर्गीय नाथूराम जेलर साहब (दादाजी) की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रवेश परिहार जी के नेतृत्व में एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवियों, युवाओं एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लगभग 50 यूनिट रक्तदान किया। प्रवेश परिहार ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन की रक्षा करने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए समाज के अधिक से अधिक लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय नाथूराम जेलर साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में सभी स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। रक्तदान करने वाले युवाओं में प्रमुख रूप से मोनू मंगोलिया, लखन जाटव, अंकित मंगरोलिया, नमन कचनेरिया, ललित कचनारिया, राजा मंगरौलीया, विक्की जाटव, राहुल जाटव ,रोहित जाटव, यादव ऋतिक पुरवइया, मोनू परिहार, हरि सिंह परिहार, दीपक बडोदिया , श्रीमती नीलम परिहार, मुस्कान कचनेरिया ,नमन कचनेरिया, सोनू जाटव ,ललित कचनेरिया ,विनोद धौलपुर, अनिकेत उज्जैन, सोनू भंडारी, अनिल परमार, सोनू वर्मा, रवि जाटव, आकाश यादव, नीरज जवालिया, पवन उज्जैनिया, जितेन्द्र मंगरोलिया, अनिकेत मंगरोलिया आदि सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### आज तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस

**ललितपुर** । शासन के निर्देशानुसार जनता की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध व त्वरित निस्तारण हेतु सोमवार को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान आयोजित किया जायेगा, जिसके क्रम में जिलाधिकारी तहसील तालबेहट में जनशिकायतें सुनेंगे। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी तहसील मड़ावरा एवं सम्बंधित उप जिलाधिकारी अपनी अपनी तहसीलों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण करायेंगे। जनसामान्य से अपील की गई है कि अपने क्षेत्र की तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निस्तारण करायें।

### घर में घुसकर परिवार पर हमला, मारपीट की

**ललितपुर**। कोतवाली क्षेत्र के नदीपार रावतयाना मोहल्ले में आधी रात को एक परिवार पर घर में घुसकर जानलेवा हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि सात नामजद और कुछ अज्ञात लोगों ने एकराय होकर घर के बाहर गाली-गलौज की और विरोध करने पर लाठी-डंडों, लात-घूंसों तथा पटिया से पूरे परिवार पर हमला बोल दिया। घटना में पति और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सात नामजद आरोपियों समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मोहल्ला नदीपार रावतयाना निवासी जुम्मी पत्नी मुस्तफा खां ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 30 जून 2026 की रात करीब 11.30 बजे मोहल्ले के रहने वाले रशीद पुत्र शहीद, अंसार एवं अफसर पुत्रगण साबिर, आसिफ पुत्र अनीस तथा रानू, जाहिद और साजिद पुत्रगण अलीरजा कुछ अन्य अज्ञात लोगों के साथ उनके घर के बाहर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि जब परिवार ने गाली-गलौज का विरोध किया तो सभी आरोपी आक्रामक हो गए और लाठी-डंडों, पटिया तथा लात-घूंसों से हमला कर दिया। इस दौरान परिवार के सदस्यों के साथ जमकर मारपीट की गई। हमले में मुस्तफा खां, उनकी पत्नी जुम्मी तथा पुत्र सद्दाम घायल हो गए। पीड़िता के अनुसार, सद्दाम के पैर में गंभीर चोट आई, जबकि मुस्तफा खां के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें लगने से वह बेहोश हो गए। घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय ललितपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मुस्तफा खां की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। बाद में झांसी से भी हालत में अपेक्षित सुधार न होने पर उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया। पीड़िता का कहना है कि आर्थिक तंगी के कारण इलाज जारी रखने में कठिनाई हुई और परिवार को विवश होकर उन्हें वापस घर लाना पड़ा, जहां उनका उपचार चल रहा है। यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद कुछ आरोपी जिला चिकित्सालय भी पहुंचे और वहां भी परिवार को धमकाने तथा मारपीट करने का प्रयास किया।

### प्रवेश प्रक्रिया शुरू 14 अगस्त तक मौका

**विदिशा**। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सिरोंज में डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) प्रवेश चरण शुरू हो गया है। प्रवेश प्रक्रिया 4 जुलाई से 14 अगस्त तक चलेगी। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए अंतिम अवसर है।

### बरसात से पहले नगर पालिका का बड़ा अभियान, युद्धस्तर पर सफाई शुरू

# स्टेशन तिराहे से देवगढ़ रोड, वर्णी चौराहे तक सफाई, जलभराव मुक्त का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



आगामी बरसात के दौरान शहर को जलभराव की समस्या से मुक्त रखने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद ललितपुर ने विशेष सिल्ट सफाई अभियान तेज कर दिया है। पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन के निर्देशन एवं अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में नगर के विभिन्न वार्डों में नालों और नालियों की मशीनों एवं सफाई कर्मचारियों के माध्यम से युद्धस्तर पर सफाई कराई जा रही है, ताकि वर्षा के समय जल निकासी व्यवस्था सुचारु बनी रहे। नगर पालिका के अनुसार आधुनिक चेन स्केलेटर मशीन की सहायता से जोन-02 के अधिकांश क्षेत्रों में नालों से वर्षों से जमी गाद (सिल्ट) हटाने का कार्य पूरा किया जा चुका है। वर्तमान में जोन-01 के अंतर्गत स्टेशन तिराहा, देवगढ़ रोड, वर्णी चौराहा तथा आसपास के प्रमुख नालों एवं नालियों की गहन सफाई कराई जा रही है। इसी क्रम में वार्ड संख्या-17, मोहल्ला सिविल लाइन में पार्षद कुन्दन पाल की उपस्थिति में स्टेशन क्षेत्र से वर्णी कॉलेज मार्ग तक नाले की व्यापक सफाई कराई जा रही है। क्षेत्रपाल मंदिर के सामने चेन स्केलेटर मशीन से वर्षों से जमी सिल्ट को हटाकर जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाया गया।

वहीं स्वास्थ्य नायक अंगद करौसिया के निर्देशन में सफाई कर्मियों की टीम पूरे क्षेत्र में नालियों और सार्वजनिक स्थलों की नियमित साफ-सफाई में जुटी हुई है। पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि नगर को स्वच्छ एवं जलभराव मुक्त बनाए रखना केवल नगर पालिका की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने नालों और नालियों पर किए गए अतिक्रमण को स्वयं हटाने की अपील करते हुए कहा कि जनसहयोग से ही सफाई कार्य प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकता है। उन्होंने व्यापारियों और नागरिकों से घरों एवं प्रतिष्ठानों पर डस्टबिन का नियमित उपयोग करने, पॉलीथिन और अन्य कचरा नालियों में न फेंकने तथा घरों से निकलने वाला कचरा नगर पालिका के डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन को ही देने की अपील की। उन्होंने कहा कि नालियों में कचरा डालने से जल निकासी बाधित होती है, जिससे जलभराव के साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि बरसात के पूरे मौसम में नगर पालिका का विशेष स्वच्छता एवं सिल्ट सफाई अभियान लगातार जारी रहेगा। प्रत्येक वार्ड में जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नियमित निगरानी की जा रही है, ताकि नागरिकों को बारिश के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने विश्वास जताया कि जनसहयोग और नगर पालिका की सक्रिय कार्यशैली से ललितपुर को स्वच्छ, सुंदर एवं जलभराव मुक्त शहर बनाने का लक्ष्य अवश्य पूरा होगा।

### राजघाट मार्ग पर हादसा

## घर लौट रहे दो भाइयों को बाइक ने टक्कर मारी, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली ललितपुर क्षेत्र के कालापहाड़ और चौरसिल के बीच हुए भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उनका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि रॉन्ग साइड से तेज रफ्तार में आ रही एक नई टीवीएस मोटरसाइकिल ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे के बाद घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि एक व्यक्ति की उपचार से पहले ही मौत हो गई।

मृतक के पुत्र की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। ग्राम नैगांवकलां, ग्राम पंचायत गनगौरा निवासी जितेंद्र पुत्र रमेश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 2 जून 2026 की शाम करीब 6.30 बजे उनके पिता रमेश तथा चाचा रामदास मोटरसाइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.एल. 8066 से राजघाट से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही दोनों चौरसिल और कालापहाड़ के बीच पहुंचे, तभी सामने से गलत दिशा (रॉन्ग साइड) से तेज गति और लापरवाही से आ रही एक नई टीवीएस मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस से दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय ललितपुर पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद रमेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि रामदास का उपचार जारी है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतक के पुत्र जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि पिता की मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार एवं अन्य धार्मिक क्रियाकर्म में व्यस्त रहने के कारण वह तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सका। आवश्यक रस्में पूरी होने के बाद उसने कोतवाली पहुंचकर घटना की तहरीर दी। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल नई टीवीएस मोटरसाइकिल के उपलब्ध चेसिस नंबर के आधार पर वाहन एवं चालक की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों और अन्य जानकारियों के आधार पर आरोपी चालक तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

## एक ही सोसाइटी से जुड़े मामलों की अलग-अलग जांच पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

निवेशकों के साथ कथित करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी से जुड़े चर्चित एलयूसीसी (द लोनी अर्बन मल्टी स्टेट एंड थ्रिफ्ट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड) प्रकरण में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में दर्ज इस सोसाइटी से संबंधित सभी आपराधिक मुकदमों (एफआईआर) को एक ही थाने कोतवाली, ललितपुर में स्थानांतरित कर समेकित रूप से जांच और कानूनी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं।

यह आदेश इलाहाबाद हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा एवं न्यायमूर्ति लक्ष्मी कांत शुक्ला की खंडपीठ ने आपराधिक रिट याचिका संख्या 22507/2024 सहित अन्य संबद्ध याचिकाओं की सुनवाई के दौरान पारित किया। मामले में याचिकाकर्ता रवि तिवारी, परीक्षित पारस, विशाल खुराना एवं जितेंद्र सिंह निरंजन की ओर से न्यायालय में दलील दी गई थी कि एक ही सोसाइटी के खिलाफ समान प्रकृति के मामलों में अलग-अलग जिलों में दर्ज एफआईआर की अलग-अलग जांच होने से विरोधाभासी निष्कर्ष सामने आ सकते हैं। इसलिए सभी मामलों की जांच एक स्थान पर कराई जानी चाहिए। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पाया कि सभी एफआईआर एक ही संस्था द्वारा निवेशकों को अधिक लाभ का लालच देकर धन एकत्रित करने और बाद में कथित धोखाधड़ी किए जाने से संबंधित हैं। ऐसे में इन्हें एक ही घटनाक्रम का हिस्सा मानते हुए समेकित जांच आवश्यक है।

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित 'ट्रिपल टेस्ट' का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी मामलों में अपराध का उद्देश्य एवं योजना एक समान है। इन तथ्यों के आधार पर सभी मुकदमों को एक साथ जोड़कर जांच एवं न्यायिक प्रक्रिया संचालित किया जाना उचित होगा। अदालत ने स्पष्ट किया कि अब उत्तर प्रदेश में एलयूसीसी सोसाइटी से संबंधित दर्ज सभी एफआईआर की विवेचना और आगे की कानूनी कार्रवाई कोतवाली, ललितपुर के माध्यम से संचालित की जाएगी। इससे जांच एजेंसियों को सुविधा मिलेगी, साक्ष्यों का समन्वय बेहतर होगा तथा न्यायिक प्रक्रिया अधिक प्रभावी और त्वरित बन सकेगी। खंडपीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि यह आदेश केवल उत्तर प्रदेश में दर्ज मामलों पर लागू होगा।

### कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

## हाईवे किनारे 225 क्वार्टर अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शराब तस्कर को भारी मात्रा में अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 'रसभरी' ब्रांड के 225 क्वार्टर देशी शराब बरामद किए हैं। बरामद शराब को पांच गत्तों में पैक कर हाईवे किनारे रखा गया था। 4 जुलाई की शाम करीब 4.30 बजे उपनिरीक्षक जयकरन सचान अपनी पुलिस टीम—हेड कांस्टेबल ओमवीर सिंह, हेड कांस्टेबल सुशील कुमार, कांस्टेबल दीपेन्द्र तथा कांस्टेबल विकास सिंह के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम रोडा से पहले हाईवे किनारे स्थित शंकर जी मंदिर के पास एक व्यक्ति गत्ते के पैकेटों में अवैध शराब लेकर खड़ा है और उसे कहीं ले जाने की तैयारी में है।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही संदिग्ध भागने लगा, लेकिन जवानों ने पीछा कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अरविन्द राय पुत्र स्व. सियाराम राय, निवासी आजादपुरा लेडियापुरा, थाना कोतवाली, ललितपुर बताया। तलाशी के दौरान उसके पास रखे पांच गत्तों की जांच की गई, जिनमें रसभरी ब्रांड की कुल 225 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी से शराब रखने और परिवहन से संबंधित वैध लाइसेंस या दस्तावेज मांगे, लेकिन वह कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने नियमानुसार बरामद शराब में से पांच क्वार्टर नमूने के रूप में सील कर शेष माल को कब्जे में ले लिया।

### स्वास्थ्य सेवाओं पर उठाए सवाल, जांच और सुधार की मांग

## मेडिकल कॉलेज का इमरजेंसी वार्ड रेफर सेंटर बन गया: बुंदेलखंड विकास सेना

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बुंदेलखंड विकास सेना ने राजकीय मेडिकल कॉलेज, ललितपुर की स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि मेडिकल कॉलेज का इमरजेंसी वार्ड इलाज केंद्र के बजाय रेफर सेंटर बनकर रह गया है। गंभीर मरीजों को समुचित उपचार देने के बजाय बिना पर्याप्त इलाज किए अन्य अस्पतालों के लिए रेफर किया जा रहा है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में रविवार को कंपनी बाग में बु.वि.सेना की बैठक संगठन प्रमुख हरीश कपूर 'टीटू' की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मेडिकल कॉलेज में व्याप्त अव्यवस्थाओं, मरीजों के साथ कथित दुर्व्यवहार तथा लगातार हो रहे रेफर मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई। बुविसे प्रमुख हरीश कपूर ने आरोप लगाया कि मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में मरीजों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता है। उनका कहना था कि कई बार देर रात उपचार के लिए पहुंचने वाले मरीजों को समय पर चिकित्सकीय सहायता नहीं मिलती और प्राथमिक उपचार किए बिना ही उन्हें अन्य अस्पतालों के लिए रेफर कर दिया जाता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रात्रिकालीन ड्यूटी के दौरान कई बार चिकित्सक अपनी सीट पर उपलब्ध नहीं रहते और स्टाफ के भरोसे इलाज चलता है। उन्होंने कहा कि रेफर किए गए मरीजों और उनके परिजनों को रात के समय निजी अस्पतालों और एंबुलेंस सेवाओं के भरोसे रहना पड़ता है, जिससे आर्थिक और मानसिक परेशानी बढ़ जाती है। बु.वि.सेना प्रमुख ने हाल ही में एक राठौर परिवार के मरीज के साथ कथित रूप से हुई घटना का भी उल्लेख करते हुए कहा कि मरीज को प्राथमिक उपचार दिए बिना अगले दिन आने की सलाह देकर लौटा दिया गया। उन्होंने दावा किया कि घटना की जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी दी गई थी। बैठक में संगठन ने जिला प्रशासन से मांग की कि पिछले दिनों मेडिकल कॉलेज से रेफर किए गए सभी मरीजों की स्वतंत्र जांच कराई जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि उन्हें वास्तव में उच्च संस्थान भेजे जाने की आवश्यकता थी या नहीं। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं हुआ और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध नहीं कराया गया तो बुंदेलखंड विकास सेना जनहित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। बैठक में राजमल बरया, कदीर खां, राजकुमार कुशवाहा, अमरसिंह बुंदेला, मुन्ना महाराज त्यागी, प्रदीप पंडित, अमित कुमार, मिलन चौहान, जितेंद्र विश्वकर्मा, देवेंद्र राजा, प्रेमशंकर गुप्ता, अमित साहू, पंचमलाल झा, रामप्रकाश झा मौजूद रहे।

### भीषण गर्मी में पेयजल संकट से निपटने प्रशासन अलर्ट

## 46 एमएलडी पानी से 1.74 लाख लोगों को राहत, 648 हैंडपंप दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




भीषण गर्मी और लगातार गिरते भू-जल स्तर के बीच जिले में पेयजल संकट से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। जिलाधिकारी के निर्देशन में जल संस्थान द्वारा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की नियमित निगरानी की जा रही है। जल संकट वाले इलाकों में टैंकरों से निःशुल्क जलापूर्ति, खराब हैंडपंपों की मरम्मत और शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अधिशासी अभियंता जल संस्थान ने बताया कि नगर पालिका परिषद ललितपुर के 26 वार्डों में पाइपलाइन के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 45 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, जिससे करीब 1.74 लाख लोगों को लाभ मिल रहा है। इसके अलावा सात नलकूपों और दो खुले कुओं के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 1 एमएलडी अतिरिक्त पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे लगभग पांच हजार लोगों की जरूरत पूरी हो रही है। इस प्रकार जिले में प्रतिदिन कुल 46 एमएलडी पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। प्रशासन ने बताया कि जिन ऊंचाई वाले क्षेत्रों तथा नई बस्तियों में पाइपलाइन की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां टैंकरों के माध्यम से निशुल्क पानी पहुंचाया जा रहा है। शनिवार को खिरकापुरा, काशीराम कॉलोनी, विष्णुपुरा, रैदासपुरा, नारायणपुरा, गांधीनगर, आजादपुरा और सिविल लाइन सहित विभिन्न क्षेत्रों में कुल 24 टैंकर ट्रिप के जरिए पेयजल उपलब्ध कराया गया। वहीं घुसयाना, रामनगर, सदनशाह, तालाबपुरा, चौबयाना, सुभाषपुरा और रावतयाना सहित अन्य क्षेत्रों की भी लगातार निगरानी की जा रही है। जल संस्थान ने नगर पालिका परिषद तथा कंट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक 648 खराब हैंडपंपों की मरम्मत कर उन्हें चालू करा दिया है।

## वाहन की टक्कर से नंदी घायल, गो आश्रय स्थल पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



चंदेरा क्षेत्र स्थित नेशनल हाईवे पर शनिवार को एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक नंदी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद नंदी सड़क पर लहूलुहान अवस्था में पड़ा रहा, जिससे मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही गौ पुत्र सेना, ललितपुर के गौ सेवक तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और घायल नंदी का रेस्क्यू कर उपचार की व्यवस्था कराई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने नंदी को टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में नंदी गंभीर रूप से घायल हो गया था तथा उसके शरीर से काफी रक्तस्राव हो रहा था। सूचना मिलते ही गो पुत्र सेना के प्रशांत शुक्ला, मनीष दुबे एवं अन्य गौ सेवकों ने मौके पर पहुंचकर घायल नंदी का प्राथमिक उपचार किया। टीम ने सावधानीपूर्वक मरहम-पट्टी कर रक्तस्राव रोकने का प्रयास किया। इसके बाद नंदी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे एंबुलेंस की सहायता से सुरक्षित रूप से वर्णी चौराहा स्थित गौ आश्रय स्थल भेजा गया, जहां उसका आगे का उपचार कराया जा रहा है। गौ पुत्र सेना के सदस्य प्रशांत शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन बेसहारा गोवंश सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे हाईवे पर विशेष सावधानी बरतें तथा जहां भी गौवंश दिखाई दे, वहां वाहन की गति धीमी रखें, ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। स्थानीय लोगों ने गो पुत्र सेना की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि घायल नंदी को उपचार मिलने से उसकी जान बचाने का प्रयास संभव हो सका।

## जीआरपी थाने के पास कैंटीन कर्मी की बाइक चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर में वाहन चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला कोतवाली क्षेत्र के जीआरपी थाने के पास का है, जहां कैंटीन में कार्यरत एक युवक की लॉक कर खड़ी की गई मोटरसाइकिल अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर वाहन बरामद करने की मांग की है। नेहरू नगर (मस्जिद के पास) निवासी सोहिल खान पुत्र शहीद खान रेलवे स्टेशन के समीप नंबर-1 पानी की टंकी के पास स्थित कैंटीन में कार्यरत हैं। पीड़ित के अनुसार वह रोज की तरह अपनी ड्यूटी पर पहुंचे थे और रात करीब 9 बजे अपनी बजाज पल्सर एनएस-160 मोटरसाइकिल कैंटीन के सामने सड़क किनारे लॉक कर खड़ी कर दी थी। कुछ समय बाद जब वह लौटे तो बाइक मौके से गायब मिली। इसके बाद उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चल सका। तलाश के दौरान सड़क किनारे बाइक का टूटा हुआ हैंडल लॉक मिला, जिससे आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने लॉक तोड़कर या मास्टर चाबी की मदद से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक का कोई सुराग नहीं मिला तो पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी और वाहन बरामद कराने की मांग की।

पुलिस को उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार चोरी हुई बाइक बजाज पल्सर एनएस-160 है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के साथ ही संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही है। क्षेत्र में लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाओं को लेकर लोगों में चिंता का माहौल है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस से वाहन चोर गिरोह के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

### पुलिस की पहल से प्रोजेक्ट नई किरण से फिर जुड़ा बिखरता परिवार

## पति-पत्नी में समझौता, मिठाई खिलाकर साथ रहने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




पुलिस द्वारा पारिवारिक एवं वैवाहिक विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए संचालित ₹प्रोजेक्ट नई किरण₹ के तहत रविवार को आयोजित काउंसलिंग सत्र में एक बिखरते परिवार का सफलतापूर्वक पुनर्मिलन कराया गया। पुलिस अधिकारियों एवं विशेषज्ञों की समझाइश के बाद पति-पत्नी ने आपसी मतभेद भुलाकर पुनः साथ रहने का निर्णय लिया। वहीं एक अन्य प्रकरण में सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन, ललितपुर में आयोजित काउंसलिंग कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थानों से प्राप्त पति-पत्नी संबंधी विवादों की सुनवाई की गई। कार्यक्रम के दौरान ₹नई किरण₹ टीम के सदस्यों ने दोनों पक्षों की बात गंभीरता से सुनी और सकारात्मक संवाद के माध्यम से मतभेद दूर करने का प्रयास किया। काउंसलिंग के दौरान एक परिवार में आपसी सहमति से समझौता हो गया। समझौते के बाद पति-पत्नी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर रिश्ते में फिर से आई मिठास और विश्वास का संदेश दिया तथा भविष्य में मिल-जुलकर जीवन बिताने का संकल्प लिया। वहीं दूसरे मामले में विस्तृत सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई है। पुलिस के अनुसार प्रोजेक्ट नई किरण का उद्देश्य पारिवारिक एवं वैवाहिक विवादों का अदालतों से पहले संवाद और समझाइश के माध्यम से समाधान कराना, टूटते परिवारों को बचाना तथा परिवारों में आपसी विश्वास, प्रेम और सामंजस्य स्थापित करना है। काउंसलिंग कार्यक्रम में नई किरण टीम के सदस्य अजय बरया, डॉ. एस.पी. पाठक, डॉ. सुधा कुशवाहा, डॉ. जनक किशोरी शर्मा, संजीव कुमार शर्मा, एडवोकेट अरमान अजीज कुरैशी, महिला थाना प्रभारी अनीता, महिला आरक्षी सिमरन, महिला आरक्षी रूपाली यादव मौजूद रहे।

## वृहद सिंचाई परियोजना का राज्यमंत्री ने किया स्थल निरीक्षण

# सुठालिया परियोजना बांध नहीं, पूरे क्षेत्र में विकास के लिए आधारशिला है: पंवार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी सुठालिया वृहद सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्यों का शनिवार को प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने स्थल पर पहुंचकर विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन मुख्य बांध सहित परियोजना के विभिन्न कार्यों का अवलोकन कर प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों से निर्माण की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना के प्रत्येक कार्य को निर्धारित तकनीकी मानकों, उच्च गुणवत्ता एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्वती नदी पर राजगढ़ जिले की सुठालिया तहसील की बैराड ग्राम के नजदीक निर्मित हो रही यह परियोजना प्रदेश की प्रमुख वृहद सिंचाई योजनाओं में शामिल है। वर्ष 2018 में इस परियोजना को 1,375.24 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी।

### 49,800 हेक्टेयर भूमि होंगी सिचिंत

साथ ही परियोजना अंतर्गत लगभग 25.50 मीटर ऊंचा, लगभग 4 किलोमीटर लंबा तथा 20 रेडियल गेटयुक्त कंपोजिट बांध निर्मित किया जा रहा है।बांध की सकल जल भंडारण क्षमता 201.35 मिलियन घनमीटर तथा लाइव स्टोरेज क्षमता 183.70 घनमीटर होगी। इसके साथ दो अत्याधुनिक पंप हाउसों का निर्माण कर प्रेशराइज्ड पाइपलाइन आधारित आधुनिक सिंचाई प्रणाली विकसित की जा रही है, जिससे लगभग 49,800 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

### परियोजना से 174 गांवों को मिलेगा सिंचाई लाभ

अधिकारियों ने बताया कि परियोजना से 174 ग्रामों को प्रत्यक्ष सिंचाई लाभ मिलेगा, जिनमें सुठालिया तहसील के 73, ब्यावरा तहसील के 71 तथा नरसिंहगढ़ तहसील के 30 ग्राम शामिल हैं। ग्राम मऊ एवं कानरखेड़ी स्थित पंप हाउसों से क्रमशः 21,077 हेक्टेयर एवं 28,723 हेक्टेयर क्षेत्र में पाइपलाइन आधारित सिंचाई व्यवस्था विकसित की जा रही है। परियोजना की वर्तमान प्रगति की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि मुख्य बांध का लगभग 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रभावित क्षेत्रों में राजगढ़ जिले के 34, गुना जिले के 8, भोपाल जिले के 18 तथा सीहोर जिले के 3 ग्रामों में लगभग 90 प्रतिशत भू-अर्जन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। परियोजना से प्रभावित लगभग 1,675 परिवारों के पुनर्वास हेतु ग्राम मऊ एवं बड़ाबड़ला में सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त पुनर्वास कॉलोनियों का निर्माण भी किया जा चुका है।परियोजना के शेष निर्माण कार्य वर्ष 2027 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

### कार्य उच्च गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हों

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने कहा कि "सुठालिया वृहद सिंचाई परियोजना केवल एक बांध निर्माण नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास की आधारशिला है। इसके पूर्ण होने से हजारों किसानों को वर्षभर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, भू-जल स्तर में सुधार आएगा तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जल संरक्षण, सिंचाई विस्तार एवं किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारी प्राथमिकता है कि परियोजना के सभी कार्य उच्च गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण हों।

## सागौन की लकड़ी की खबर, मौके पर नहीं मिला सबूत

# लीक हुई फाइल या सोई हुई खुफिया तंत्र? बुरादे पर सिमट गया वन विभाग का छापा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/सुठालिया

वन माफिया के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति का दावा करने वाला वन विभाग खुद कटघरे में है। गोपनीय इनपुट के आधार पर की गई कार्रवाई महज खानापूर्ति बनकर रह गई। टीम जब संदिग्ध कारखानों पर पहुंची तो वहां अवैध सागौन की जगह सिर्फ लकड़ी का बुरादा मिला। कई इकाइयां तो पहले से ही बंद मिलीं।

### छापे से 4 घंटे पहले अलर्ट कैसे?

विभागीय सूत्रों की मानें तो छापामार दल के रवाना होने से करीब 4 घंटे पूर्व ही कारखाना संचालक सक्रिय हो गए थे। रातों-रात ट्रकों के जरिए लाखों रुपये की अवैध लकड़ी को ठिकाने लगा दिया गया। वन्य अपराध शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, एक रात में 5 लाख रुपये से अधिक का अवैध परिवहन सीधे शासकीय राजस्व को चूना है।

### सबसे बड़ा प्रश्नचिन्ह: 'इनसाइडर' कौन?

छापे की रूपरेखा महज 6-7 वरिष्ठ अधिकारियों तक सीमित थी। बावजूद इसके सूचना का लीक होकर माफिया तक पहुंचना विभागीय सुरक्षा तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े करता है। पर्यावरण कानून के जानकारों का कहना है, "इस स्तर की सटीक जानकारी बिना आंतरिक सांठगांठ के बाहर नहीं जा सकती।"

### मौके की तस्वीर: सिर्फ दस्तावेज कोई माल नहीं

वन परिक्षेत्र अधिकारी के नेतृत्व में पहुंची टीम ने बुरादे के नमूने लिए और स्टॉक रजिस्टर, बिल-बही की जांच की। मौके से न तो कोई अवैध इमारती लकड़ी मिली और न ही कोई आरोपी पकड़ा जा सका।

### एक्सपर्ट व्यू: 'यह नाकामी नहीं, सिस्टम की सेंध है'

वरिष्ठ वन्यजीव कार्यकर्ता का कहना है कि जब भी कोई बड़ी कार्रवाई फुस्स होती है, तो उसका मतलब साफ है। विभाग के भीतर बैठे मुखबिर ही माफिया को 'सुरक्षित निकास' दे रहे हैं।

### ऐसा कुछ नहीं मिला...

हमें कारखानों पर ऐसा कुछ मिला नहीं है, हमने सभी के डाक्यूमेंटस चैक किए हैं।

-दिनेश यादव, एसडीओ राजगढ़

## कुडालिया डेम के पास हादसा

# सड़क हादसे में अज्ञात ट्रैक्टर की टक्कर से युवती की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

समीपस्थ कुडालिया डेम के पास शुक्रवार शाम करीब 4:30 बजे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवती की मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजाहहेड़ी निवासी पार्वती पिता सुल्तान सिंह 28 वर्ष अपनी सहेली के साथ नलखेड़ा की ओर से जीरापुर आ रही थीं। इसी दौरान जीरापुर की ओर से आ रहे एक अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल पार्वती को तत्काल सिविल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बाहर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें उपचार के लिए ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही पार्वती ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

## ग्वालियर रेफर किया

# अज्ञात ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, तीन गंभीर घायल

**गुना।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत बल्लापुर गांव के पास एक अज्ञात ट्रैक्टर चालक द्वारा तेजी और लापरवाही से बाइक को सामने से टक्कर मार दी। इस भीषण सडक़ हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक को नाजुक हालत में ग्वालियर अस्पताल रेफर किया गया था। लंबे समय तक अस्पताल में इलाज कराने के बाद पीड़ि मुन्ना सहरिया (60) ने अब कैंट थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी मुन्ना सहरिया निवासी मंगराना अपने साथी बबुआ सहरिया और लखन सहरिया के साथ बाइक से गुना आ रहे थे। तभी बल्लापुर के पास सामने से बार-बार लाइट का डिपर मारते हुए आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों सडक़ किनारे गिरकर लहूलुहान हो गए। 108 एम्बुलेंस से घायलों को अस्पताल लाया, जहां से गंभीर रूप से चोटिल मुन्ना को ग्वालियर अस्पताल रेफर किया।

## प्रताप छात्रावास मेले में गुंडागर्दी

# फरीदाबाद के दुकानदार से लाखों की अवैध वसूली, पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



शहर के प्रताप छात्रावास मैदान में चल रहे डिज्नीलैंड मेले और मीना बाजार में दुकानदारों से अवैध वसूली और गुंडागर्दी का एक गंभीर मामला सामने आया है। मेले में सॉफ्टी आइसक्रीम की दुकान लगाने वाले फरीदाबाद (हरियाणा) निवासी पीड़ित तेजपाल पाल ने सिटी कोतवाली पुलिस को शिकायती आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि मेले की आधिकारिक अनुमति अमर जैन के नाम पर है, लेकिन स्थानीय रसूखदार महेंद्र सिंह जादौन उर्फ गुड्डू और विजेंद्र सिंह पवैया उर्फ बंटी पवैया द्वारा मेले में जबरन गुंडागर्दी कर अवैध वसूली की जा रही है। पीड़ित तेजपाल ने बताया कि मेले का मैनेजर ओम लोढ़ा रोजाना उसकी दुकान से पैसे वसूल कर ले जाता है और वह पिछले दो महीनों में कुल 3,41,100 रुपये जमा कर चुका है। इतनी बड़ी रकम देने के बावजूद अब उससे और पैसों की मांग की जा रही है। पैसे देने से मना करने पर आरोपी उसके साथ गाली-गलौज करते हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने उसका सारा पैसा हड़प लिया है, जिसके कारण अब उसके पास घर लौटने और अपने कारीगरों को मजदूरी देने तक के पैसे नहीं बचे हैं। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और अपने पैसे वापस दिलवाने की मांग की है।

## सिविल अस्पताल में एक दिन में हुए..

# 10 सफल ऑपरेशन, ट्रू-कट गन बायोप्सी और जटिल ट्यूमर सर्जरी बनी उपलब्धि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्थानीय सिविल अस्पताल में शनिवार को चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की गई। वरिष्ठ सर्जन डॉ. अंकुर देशवाली के नेतृत्व में अस्पताल की सर्जिकल टीम ने एक ही दिन में नवजात शिशु से लेकर बुजुर्ग मरीजों तक के कुल 10 सफल ऑपरेशन किए। इनमें क्षेत्र में पहली बार बिना चीरे की ट्रू-कट गन बायोप्सी तथा स्पाइनल कॉर्ड ट्यूमर (कैंसर संदिग्ध) का जटिल ऑपरेशन प्रमुख रहा।अस्पताल की सर्जिकल टीम में ओटी इंचार्ज अर्चना खटक, भावना, गौतम एवं रूप सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### तीन साल पुराने स्पाइनल कॉर्ड ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, उदनखेड़ी निवासी आजाद पिछले तीन वर्षों से स्पाइनल कॉर्ड ट्यूमर के कारण हाथ, गर्दन और नसों में असहनीय दर्द से पीड़ति थे। डॉ. अंकुर देशवाली ने सफल मेजर सर्जरी कर ट्यूमर को निकाल दिया। ऑपरेशन के बाद मरीज को लंबे समय से चले आ रहे दर्द से राहत मिली है। निकाले गए ट्यूमर को बायोप्सी के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे का उपचार तय किया जाएगा।

### सारंगपुर में पहली बार ट्रू-कट गन बायोप्सी

महिला मरीज पार्वती बाई के स्तन में बड़ी गांठ की जांच के लिए इंदौर से विशेष ट्रू-कट गन मंगाई गई। इसके माध्यम से बिना चीरा लगाए और बिना टांके के बायोप्सी की गई। प्रक्रिया सफल रहने के बाद मरीज को उसी दिन सुरक्षित डिस्चार्ज कर दिया गया।

### अन्य सफल ऑपरेशन



6 दिन की नवजात बच्ची अभीला का पेरी-एनल टैग का सफल ऑपरेशन। 3 वर्षीय हसनन के मुंह की म्यूकोसा रिटेंशन सिस्ट हटाई गई। 10 वर्षीय अक्षा के घुटने का मस्सा (वॉर्ट) सफलतापूर्वक निकाला गया। 25 वर्षीय कीर्ति के शरीर से मल्टीपल लाइपोमा (चर्बी की गांठें) हटाई गईं। महिला मरीज नसीम के स्तन की सिस्ट निकालकर बायोप्सी के लिए भेजी गई। भूरीबाई की कांख में मौजूद मल्टीपल लिम्फ नोड्स का जटिल ऑपरेशन कर सैंपल जांच के लिए भेजा गया। इसके अलावा अन्य आवश्यक शल्य चिकित्सा प्रक्रियाएं भी सफलतापूर्वक संपन्न की गईं।

### मरीजों को मिली राहत

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, सभी 10 ऑपरेशन सफल रहे और सभी मरीज सुरक्षित हैं तथा तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं। इंदौर जैसी सुविधाओं को सारंगपुर सिविल अस्पताल में निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने से क्षेत्र के गरीब एवं मध्यमवर्गीय मरीजों को बड़ी राहत मिली है। डॉ. अंकुर देशवाली एवं उनकी पूरी सर्जिकल टीम के इस प्रयास की क्षेत्रभर में सराहना की जा रही है।

# यूआईडीएआई के आधार सेवा केंद्र का लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



मध्यप्रदेश में यूआईडीएआई द्वारा संचालित आधार सेवा केंद्र केवल इंदौर और भोपाल में ही थे। इन दोनों आधार सेवा केंद्र पर आम जनता का इतना विश्वास है की प्रदेश के कोने कोने से नागरिक यहां अपने आधार सम्बंधित कार्य के लिए आते है। जनता के इस भरोसे को देखते हुए भारत सरकार ने एक पहल की है की देश के लगभग हर जिले में यूआईडीएआई के आधार सेवा केंद्र शुरू किये जाएँ।

इसी कड़ी में राजगढ़ के यूआईडीएआई आधार सेवा केंद्र का लोकार्पण शनिवार को विधायक राजगढ़ अमरसिंह यादव द्वारा किया गया। यूआईडीएआई स्टेट ऑफिस भोपाल से उप निदेशक धर्मवीर कुशवाह ने अवगत कराया यह आधार सेवा केंद्र सप्ताह के सातों दिन कार्यरत रहेगा। वर्तमान में मध्यप्रदेश में यूआईडीएआई के 12 आधार सेवा केंद्र कार्यरत हैं और अगले तीन महीनो में, 24 और जिलों में नए आधार सेवा केंद्र शुरू हो जाएंगे। यूआईडीएआई से राज्य परियोजना प्रबंधक निकेत दीवान ने बताया कि ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की भी व्यवस्था है, ताकि नागरिक अपनी सुविधानुसार समय पर आ कर, बिना ज्यादा इंतजार के, अपना आधार सम्बंधित कार्य करा सकते हैं।

# एबीवीपी का कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर संपन्न, आयुष बने नगर अध्यक्ष



**सारंगपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) मध्यभारत प्रांत के राजगढ़ जिले की नगर इकाई सारंगपुर द्वारा शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में नगर कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रांत सह मंत्री कु. उमा वैष्णव, जिला संयोजक शुभम शर्मा एवं सारंगपुर भाग संयोजक तुषार चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर में कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यप्रणाली, अनुशासन, दायित्व बोध एवं संगठन विस्तार से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रस्तावना, परिसर कार्य, सदस्यता अभियान, समारोह सत्र सहित विद्यार्थी परिषद की कार्ययोजना और संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यकर्ताओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा विद्यार्थी हित में प्रभावी भूमिका निभाने के लिए उन्हें प्रशिक्षित करना रहा। इस अवसर पर एबीवीपी सारंगपुर नगर इकाई की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। घोषित कार्यकारिणी में आयुष चौहान को नगर अध्यक्ष एवं ज्योत्सना कासानिया को नगर मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा जयेश पटेल, राजेंद्र राजपूत एवं तृप्ति शर्मा को नगर सह मंत्री बनाया गया। पवन राजपूत को महाविद्यालय प्रमुख, अरविंद वर्मा को सह प्रमुख, कुलदीप सिंह दरबार को नगर विद्यालय प्रमुख, विकास दरबार को एसएफडी प्रमुख, लोकेश मालवीय को एसएफएस प्रमुख, प्रीति मालवीय को कला मंच प्रमुख, अरुण भिलाला को खेलो भारत प्रमुख तथा श्वेता मालवीय को सह प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। इसके साथ ही अन्य कार्यकर्ताओं को भी नगर कार्यकारिणी में विभिन्न जिम्मेदारियां प्रदान की गईं।प्रशिक्षण शिविर के समापन पर संगठन पदाधिकारियों ने नवदायित्व प्राप्त कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थी हित एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## प्रशासन और आबकारी विभाग की अनदेखी या फिर मनमानी से खेल जारी

# शराब माफिया ने ब्यावरा-पड़ोनिया शराब ठेके पर मचा रखी लूट, दाम लिखा 120 और बेच रहे 150 रुपए में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

स्थानीय प्रशासन और आबकारी विभाग की नाक के नीचे ब्यावरा बायपास पड़ोनिया कम्पोजिट शराब ठेके पर उपभोक्ताओं से सरेआम अवैध वसूली का मामला सामने आया है। नियमों को ताक पर रखकर यहाँ शराब तय कीमत से कई गुना ऊंचे दामों पर बेची जा रही है और विरोध करने पर ग्राहकों के साथ बदतमीजी की जा रही है। इस प्रकार शराब माफियाओं ने सरेआम लूट मचा रखी है।

### क्या है पूरा मामला?

षहर के पड़ोनिया कम्पोजिट शराब ठेके पर जब ग्राहक बियर की केन खरीदने पहुंचा तो कर्मचारी ने उससे सीधे 150 रुपये में बेची। जबकि पावर केन 120 रुपये की है। जब जागरूक ग्राहक ने इस ओवररेटिंग का विरोध किया और कहा कि इस पर तो 120 रुपये लिखे हैं तो ठेके के कर्मचारी ने दादागिरी दिखाते हुए साफ कह दिया यहाँ तो 150 रूपये में ही मिलेगी लेना हो तो लो वरना चलते बनो।

### बिल मांगने पर खड़े किए हाथ

हद तो तब हो गई जब ग्राहक ने इस मनमानी कीमत का पक्का बिल मांग लिया। डिजिटल इंडिया और पारदर्शिता के दावों के बीच ठेके के कर्मचारियों ने बिल देने से साफ इनकार कर दिया। बिना बिल के ऊंचे दामों पर शराब बेचना न सिर्फ उपभोक्ता अधिकारों का हनन है बल्कि यह सीधे-सीधे बड़े पैमाने पर सरेआम ओवर रेट में बेची जा रही है शराब।




### हाइवे के नियमों की भी उड़ी धज्जियां

विवादों से घिरे इस ठेके की लोकेशन पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट और सरकार के सख्त दिशा-निर्देशों के बावजूद यह पड़ोनिया, कंसोर कलां, बईहेड़ा, काचरी जोड़, किलखेड़ा शराब दुकान हाइवे से महज 10 से 20 मीटर की दूरी पर सरेआम खुली हुई है। नियमों के मुताबिक हाइवे के पास शराब दुकानों के संचालन को लेकर कड़े मापदंड हैं लेकिन यहाँ सारे नियम-कायदे बौने साबित हो रहे हैं।

### आखिर जिम्मेदार मौन क्यों?

बायपास फोर लाइन पड़ोनिया शराब ठेके पर चल रही इस खुली लूट से क्षेत्र के नागरिकों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि आबकारी विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के बिना इतनी बड़ी मनमानी संभव नहीं है। जब इन लोगों द्वारा सरेआम लूट की जा रही है, तो विभाग में बैठे जिम्मेदार अधिकारी मौन क्यो हो जाते है, क्या इनकी संरक्षण में ही इस प्रकार का काला खेल चल रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या आबकारी विभाग और स्थानीय प्रशासन इस ठेके पर कार्रवाई करेगा? या फिर यह अवैध वसूली और ओवररेटिंग का खेल ऐसे ही बदस्तूर जारी रहेगा?

### जांचकर कार्रवाई...

आपसे जानकारी प्राप्त हुई है टीम को भेज कर जांच करवाते है और कार्यवाही करते हैं।

-रितेश लाल
जिला आबकारी अधिकारी राजगढ़

## अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस

# शीर्ष अर्थव्यवस्था में सहकारिता की भूमिका अहम, मिला सम्मान

**गुना।** स्थानीय जिला सहकारी केंद्रीय बैंक गुना में सहकार भारती इकाई के तत्वाधान में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता एवं सहकार भारती के संस्थापक डॉ. लक्ष्मण राव इनामदार के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस मौके पर जिले में उत्कृष्ट कार्य कर रही विभिन्न सहकारी समितियों को शाल, श्रीफल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यवाह अशोक अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सहकारिता इतना बड़ा विषय है जिसके बिना न सृष्टि चल सकती है और न ही हमारा शरीर। यदि शरीर का कोई एक अंग काम करना बंद कर दे तो पूरा शरीर बेकार हो जाता है, इसी तरह सहकारिता को भी शरीर की तरह स्वस्थ रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सहकारिता में जो विकृतियां आई हैं, सहकार भारती उनके शुद्धिकरण का प्रयास कर रही है। उन्होंने उपस्थित जनों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि यदि वर्ष 2047 तक भारत को विश्व की प्रथम अर्थव्यवस्था बनाना है, तो सभी को सहकारिता के क्षेत्र में आकर पूरी ईमानदारी से कार्य करना होगा, जिससे हर व्यक्ति स्वावलंबी और आर्थिक रूप से संपन्न हो सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर सहकारिता मंत्रालय का गठन कर इसकी कमान गृहमंत्री अमित शाह को सौंपी है।

अध्यक्षता भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बारेलाल धाकड़ नरेंद्र ने की। विशिष्ट अतिथि सहकारिता विभाग के ऑडिटर नवीन शर्मा, विजय गुप्ता, सहकार भारती के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर किरार एवं जिला अध्यक्ष प्रकाश श्रीवास्तव मंचासीन रहे।